## खबर संक्षेप

### आढ़तियों के माध्यम हो सरसों की खरीद

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला केंद्र की तरफ से ब्यान जारी करते हुए जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक और जिला सचिव राजपाल ने अनाज मंडी आढ़तियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि खरीद पोर्टल प्रणाली बंद हो। आढ़तियों के माध्यम से सरकार द्वारा फसल के किए गए तय मूल्य के अनुसार बिना शर्त खरीद की जाए। समर्थन मूल्य से कम पर किसानों से सरसों की खरीद के द्वारा की जा रही लूट को तुरंत बंद किया जाए। किसान नेताओं ने पानीपत अनाज मंडी का दौरा करते हुए जिला केंद्र की बैठक की और अखिल भारतीय किसान सभा की तरफ से मांग कि आढ़तियों की यूनियन से तुरंत बात कर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### बतरा कॉलोनी में पड़ोसी के दांत तोड़े

**पानीपत।** पानीपत की बतरा कॉलोनी में रमेश के घर में घुस कर लक्ष्मण बैरागी व उसके दो पुत्रों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में रमेश के दांत टूट गए। रमेश की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने लक्ष्मण व उसके दो पुत्रों पर आईपीसी की धारा 323, 325, 506 व 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कॉलोनी स्थित प्रिंस पब्लिक स्कूल में बच्चों के एनुअल फंक्शन और स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजय जैन रहे। स्कूल के महाप्रबंधक चंद्रभान मेहंदीरत्ता व स्कूल प्रिंसिपल आशा मेहंदीरता और स्कूल स्टाफ ने विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं जैन ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है।

### मनोहर के लिए प्रचार करेगा संघ

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राईम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का समर्थन करने व उनके पक्ष में प्रचार करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर दीपक मित्तल, राम अवतार शर्मा, देवेन्द्र राणा एडवोकेट, मांगेराम मलिक, दिनेश शर्मा कुराना, वेदपाल मराठा, स.जगजीत सिंह, देवेन्द्र, परमजीत जागलान, सोहन लाल अहर, प्रियंका शर्मा, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### समागम का शुभारंभ दो से

**पानीपत।** गुरुद्वारा संत भाई नारायण सिंह में सालाना गुरुमत महा समागम 2 से 10 अप्रैल तक मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा के सेवादार जितेंद्र नारंग व सरदार सतनाम सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक नाम सिमरन सुबह 5:15 से 6:30 तक होगा। वहीं 7 अप्रैल को सुखमणि साहिब सेवा समिति सुबह 5 से 9 बजे तक तथा 8 अप्रैल को कथा व कीर्तन शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक। जबकि 9 अप्रैल को महान कीर्तन दरबार शाम 7 से रात 10 बजे तक होगा।

## जगाधरी एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक

# राजनैतिक दल चुनाव में आदर्श आचार संहिता की करें अनुपालना

### एसडीएम सोनू राम ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी एसडीएम कार्यालय में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी सोनू राम। *फोटो: हरिभूमि*

लोकसभा आमचुनाव-2024 के संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी 08 जगाधरी विधानसभा क्षेत्र एवं उपमण्डल अधिकारी (ना) जगाधरी सोनू राम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय जिला के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए आहवान किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सोनू राम ने कहा कि लोकसभा आमचुनावों को सुचारू रुप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न टीमों गठन किया गया है। ये टीमें चुनावों की घोषणा के साथ ही एक्टिव कर दी गई हैं। जिनके द्वारा चुनावों के समय में राजनैतिक दलों द्वारा किए जाने वाले खर्चों तथा संदिग्ध गतिविधियों आदि पर नजर रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार की खर्चे की अधिकतम सीमा राशि 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आमचुनाव 2024 हेतु राजनैतिक दलों की रैलियों, पोस्टर व बैनर इत्यादि लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। सभी राजनैतिक दलों को प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर रैली आदि आयोजित करने से पूर्व संबन्धित रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेनी अनिवार्य है। निर्धारित किए गए स्थानों के अतिरिक्त यदि किसी अन्य जगह पर किसी राजनैतिक दल द्वारा रैली, पोस्टर व बैनर इत्यादि लगे पाए जाते हैं तो आयोग की हिदायतानुसार उसके खिलाफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सोनू राम ने सभी उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे तुरंत प्रभाव से यह सुनिश्चित करवाएं कि उनके मतदान केन्द्रों पर किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित न हो गया हो।

यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूचियों से विलोपित होने के बारे में कोई सूचना उन्हें प्राप्त होती है तो तुरंत प्रभाव से संबंधित बीएलओ से सम्पर्क करें। इसके अलावा उनसे यह भी अनुरोध किया कि ऐसे सभी पात्र व्यक्ति जिसकी आयु 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक हो गई है, मगर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं तो उन्हें अपनी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में फ्लावर शो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# गुरु नानक खालसा कॉलेज की टीम फ्लावर शो में प्रथम

## संतपुरा गर्ल्स कॉलेज में हुआ आयोजन

- सोमवार को विजेता टीम का कॉलेज में प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने शहर के संतपुरा स्थित गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फ्लावर शो में प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। सोमवार को विजेता टीम का कॉलेज में प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि शहर के संतपुरा स्थित गर्ल्ज कॉलेज में फ्लावर शो का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज के विद्यार्थियों पौशाली, निखिल, हर्ष, चेतन्य, खुशी और वागीश ने फ्लावर की पेरुनिया, मैरीगोल्ड और साल्विया श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार जीता। उन्होंने बागवानी के प्रति विद्यार्थियों के समर्पण, रचनात्मकता और जुनून पर गर्व जताया। प्रिंसिपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने छात्रा पौशाली, निखिल, हर्ष, चेतन्य, खुशी और वागीश को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को भी संस्थान द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होता है। मौके पर डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. वर्षा निगम, प्रो. यास्मीन ने विजेता विद्यार्थियों के उज्जव भविष्य की कामना की और उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई व शुभकॉमनाएं दी।



मेधावी छात्रा गीतांक्षी।



मेधावी छात्रा निकिता।



मेधावी छात्र साहिल कुमार।



मेधावी छात्र मानिक।

### जेएमआईटी के 33 विद्यार्थियों ने बीटैक मेरिट लिस्ट में बनाया स्थान

- चार विद्यार्थी बने गोल्ड मैडलिस्ट

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी रिजल्टस में पहले 33 मैरिटस में अपना स्थान बनाकर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि प्रदेश में इंजीनियरिंग के प्राईवेट संस्थानों में यह नम्बर एक की गिनती में आता है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र यनिवर्सिटी द्वारा 2023 के बीटेक बैच की मैरिट लिस्ट प्रसारित की गई है। जिसमें 33 छात्रों ने मैरिट लिस्ट में स्थान पाया है। जिसमें 4 गोल्ड मैडलिस्ट हैं। उन्होंने बताया कि कंपयूटर सांईस एंड इंजीनियरिंग विभाग में गीतांक्षी ने पहला, इंफॉरमेशन टैक्नोलोजी में निकिता ने, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में साहिल कुमार व इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मानिक ने पहला स्थान हासिल किया है। पहला स्थान पाने वाले बच्चों को दीक्षांत समारोह में संस्थान द्वारा 21 हजार का नकद ईनाम व गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

# तिलक लगाकर किया स्वागत

- राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में मनाया गया प्रवेश उत्सव समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** राजकीय स्कूल मंधार में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत करते स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में सोमवार को प्रवेश उत्सव समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल इंचार्ज रोहित अरोड़ा ने की। इस दौरान कक्षा छठी में आने वाले बच्चों को तिलक लगाकर व उनका मुंह मीठा करवा कर उनको अगली कक्षा में प्रवेश करवाया गया। सभी स्टाफ सदस्यों ने आने वाले नए बच्चों का जोरदार स्वागत किया और उन्हें लगन से मेहनत करने की प्रेरणा दी। स्कूल इंचार्ज रोहित अरोड़ा ने कहा कि स्कूल में नए सत्र का आयोजन किया गया है। जिसके तहत बच्चों का मुंह मीठा करवाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर मुकेश कुमार, उमा रानी, प्रीति, सुमन व प्रवीण आदि मौजूद थे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में भी प्रवेश उत्सव मनाते हुए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करवाकर उन्हें कक्षा में प्रवेश करवाया गया।

स्कूल के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिल्ला की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को अगली कक्षा में दाखिल होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चुनाव पारदर्शी बनाने के लिए छह ऐप लॉन्च

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मतदाताओं को एप का इस्तेमाल कर अपने अधिकारों को सशक्त करने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में छह एप की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

लोकसभा चुनावों में नागरिकों के अधिकारों को सशक्त करने के लिए चुनाव आयोग ने छह मोबाइल एप लॉंच किए हैं। इन ऐप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है। जिसके जरिए 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है। जिसके जरिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है। संपूर्ण चुनावी गतिविधियों के लिए कई एप बनाए गए हैं।

### इन एप के माध्यम से यह करें कार्य

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सी विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। वहीं, केवाईसी एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में तमाम जानकारियां प्राप्त कर सकता है। जबकि सक्षम एप विशेष योग्यजन नागरिकों की सुविधा के लिए है। इसके माध्यम से दिव्यांग पंजीकरण और संशोधन कर सकते हैं। वहीं, सुविधा एप के माध्यम से प्रत्याशी चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी तरह वोटर टर्नआउट ऐप के माध्यम से आमजन मतदान दिवस के दिन मतदान प्रतिशत देख सकते हैं। जबकि वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम पता संशोधन करने, नाम हटाने, वोटर आईडी को आधार से लिंक करने, मतदाता सूची में नाम खोजने, मतदान केंद्र विवरण, ई.एपिक कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी। इससे व्यक्ति अपनी वोटर आईडी घर बैठे प्राप्त कर सकता है।

# चोरों ने पांच अलग अलग स्थानों में बनाया निशाना

## पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

- लाखों रुपये का सामान, नकदी व गहने पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चोरों ने अलग-अलग पांच स्थानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान, नकदी व गहने चोरी कर लिए। पुलिस ने सभी मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यमुना विहार कॉलोनी निवासी राकेश गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गोपाल नगर में गोयल पोलिस मसाले की दुकान है। दोपहर करीब एक बजे वह अपनी दुकान पर लेटा हुआ था। इसी दौरान उसे नींद आ गई। दो बजे उसका बेटा खाना लेकर आया तो उसकी नींद खुल गई। उसने देखा कि उसकी दुकान का गल्ला टूटा हुआ था। गल्ले से लगभग 50 हजार रुपये की नकदी गायब थी। उसने आसपास पता किया लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चल पाया। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। शहर जगाधरी थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, विजय नगर कॉलोनी निवासी राजपाल ने बताया कि उसकी कॉलोनी में ही घसीटू कांटे के पास खुराना क्लाथ हाऊस के नाम से दुकान है। शाम करीब चार बजे वह दुकान का आधा शटर डाउन करके पड़ोस में गया था। करीब आधा घंटे बाद जब वह दुकान पर आया तो उसकी दुकान के अंदर अज्ञात युवक घुसकर चोरी कर रहा था। जब उसने आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह उससे छुटकर फरार हो गया। उसने पीछा किया, लेकिन आरोपी भाग निकला। जब उसने दुकान के गल्ले की जांच की तो उसपर ताला लगा हुआ था। तख्त पर रखी गद्दी के नीचे से 4300 रुपये की नकदी गायब थी। आरोपी युवक की पहचान विजय नगर कॉलोनी निवासी पारस के रूप में हुई। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार चोरों ने मधु कॉलोनी निवासी अरूण कुमार के खेतों से सफेदे के 50 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। खानपुर राजपुतान निवासी अनिल ने बताया कि चोरों ने उसके खेतों में लगे सोलर से कंट्रोलर चोरी कर लिए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चंदाखेड़ी में सुने घर में चोरी

वहीं, चंदाखेड़ी निवासी हुसनपाल ने बताया कि 30 मार्च को वह अपनी पत्नी मीना देवी व बेटे दीपक के साथ रिश्तेदारी में तलहेड़ी गांव गया था। शाम को वह घर वापस आए। गेट का ताला खोलकर जब वे अंदर गए तो कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखी लोहे की पेटी का भी ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पेटी के अंदर से 15 हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी, सोने का टीका, चांदी की पाजेब व अन्य सामान चोरी था। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर महिला के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव बागपत में चार लोगों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बागपत निवासी नाजरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही हासीम व सुभान के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने गले। नाजरा ने बताया कि 28 मार्च को वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान आरोपी हासीम व सुभान ने अपने साथियों इसरान व इजराइल के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। मारपीट की आवाज सुनकर जब उसके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## समारोह

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने परिवार मिलन समारोह का किया आयोजन

दुनियाभर में भारत की परिवार व्यवस्था को लेकर चर्चा

# आदर्श परिवार व्यवस्था लागू करने के लिए मन, कर्म व वाणी की पवित्रता जरूरी: विज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर






**यमुनानगर।** आरएसएस द्वारा आयोजित परिवार मिलन कार्यक्रम में संबोधन करते विज्ञानानंद सरस्वती व भाग लेते अभिभावक।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में एस सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी में परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संत विज्ञानानंद सरस्वती मुख्य वक्ता रहे। समाजसेवी ओपी तनेजा विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता जिला संघचालक डॉ. रमेश धारीवाल ने की। मौके पर नगर संघचालक मुल्कराज दुआ भी मौजूद रहे। विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि आदर्श परिवार व्यवस्था को लागू करने के लिए मनए कर्म व वाणी की पवित्रता को बनाए रखना जरूरी है। दुनियाभर में भारत की परिवार व्यवस्था को लेकर चर्चा हो रही है। क्योंकि भारत ही ऐसा देश हैए जहां मां परिवार की धूरी माना गया है। मां बच्चों की प्रथम गुरू होती है। आज बच्चों को संस्कारित करने व बेहतर परवरिश के लिए उन्हें आठ से नौ घंटे का समय देना जरूरी है। क्योंकि तीन से 15 साल की उम्र तक बच्चें माता पिता के आचरण को देखकर ही बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने कहा कि भोजन से अमृतरस की प्राप्ति होती हैए इसलिए महिलाएं भोजन तैयार करते समय आध्यात्मिकता पर ध्यान दें। हर समय अच्छी चीजों का ध्यान करें। इसके अलावा घरों में ग्रंथ रखें, सुबह.शाम उन्हें पढ़ें। सप्ताह में एक दिन अवश्य सत्संग करें। विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खडी हैं। विभिन्न देश अपना वर्चस्व कायम करने के लिए लडाई कर रहे है। भारत ही ऐसा देश हैए जो सबके मंगल की कामना चाहता है।

### परिवार मिलन की शुरूआत घर से

समाजसेवी ओपी तनेजा ने कहा कि परिवार मिलन की शुरूआत घर से होती है। रात का भोजन इकट्ठे बैठकर करें। परिवार के सभी लोग प्रतिदिन समय निकालकर इकट्ठे बैठकर बातचीत करें। इससे परिवार अनुशासित होंगे। परिवार मिलन समारोह के दौरान पांच वर्षीया प्रशस्ति वशिष्ठ ने अच्युतम केशवम भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, तन्मय ने ओम नमः शिवाय भजन की प्रस्तुति दी। मौके पर मोबाइल के बढ़ते प्रयोग व दुष्परिणाम पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी ने बढचढ कर भाग लिया।

# बस से घर जा रही महिला की अटैची से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

बस में बैठकर घर जा रही जठलाना निवासी रजनी की अटैची से लाखों रुपये के सोने व चांदी के गहने चोरी हो गए। आरोप बस में चढ़े तीन अनजान व्यक्तियों पर लगा है। आरोपी व्यक्तियों ने मदद करने के बहाने महिला की अटैची ली थी। बाद में आरोपी बस से उतर गए थे। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जठलाना निवासी रजनी ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी काम से यमुनानगर आई थी। काम समाप्त करने के बाद घर जाने के लिए वह यमुनानगर बस स्टैंड पर पहुंची। यहां से जब वह जठलाना जाने के लिए बस में चढ़ने लगी तो उसके पीछे तीन अनजान व्यक्ति भी बस में चढ़ गए। उनमें से एक व्यक्ति ने उसकी मदद करने के बहाने उसकी अटैची को पकड़ लिया। इस दौरान उस व्यक्ति ने उसकी अटैची को अपने साथी को पकड़ा दिया। कुछ देर के बाद उन्होंने उसकी अटैची को बस में रख दिया और तीनों व्यक्ति सहारनपुर रोड पर यमुना नहर वाले पुल के पास बस से उतर गए। जठलाना अड्डे पर वह बस से उतरी तो उसकी अटैची थोड़ी खुली हुई थी। उसने उसे ठीक किया और घर चली गई। घर जाकर जब उसने अटैची चेक की तो उसके अंदर रखे छोटे बैग के अंदर से सोने व चांदी के गहने गायब थे। गहनों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये थी। आरोप है कि उसके गहने बस में चढ़े तीन अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी किए है। उसने तुरंत इसकी शिकायत शहर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात तीन व्यक्तियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई जसमेर सिंह का कहना है कि अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा वसूली के लिए कर रही ईडी का प्रयोग



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष गेहल सिंह संधू ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा पूरे देश में चर्चा है कि ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा वसूली के लिए ईडी और एसबीआई का इस्तेमाल कैसे कर रही है इसका बड़ा उदाहरण हरियाणा में भी देखने को मिला है। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन के तहत जब से आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को मैदान में उतारा है, तब से हमारी टीम में कुरुक्षेत्र लोकसभा के गांव गांव जा रही हैं।

### बिजली समस्याओं को लेकर बैठक आज

कुरुक्षेत्र। उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायतों का निवारण के लिए अधीक्षण अभियंता यूएचबीवीएन सर्किल कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में यूएचबीवीएन भवन के सभागार विद्युत सदन सेक्टर-8 में 2 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक बैठक का आयोजन होगा। बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी, जिसका स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याएं इस फोरम के समक्ष रख सकते है।

### ग्राम पंचायत ने छात्रों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिरसा में विद्यालय के तीन बच्चो जिनमे पुष्कर सुपुत्र अनिल कुमार, परीक्षित सुपुत्र सुशील कुमार, तन्नु सुपुत्री गुलाब सिंह का जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला होने पर स्वागत किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ने सभी बच्चों को 1100 रुपये व विद्यालय परिवार की तरफ से प्रत्येक बच्चे को 500 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। ग्राम सरपंच सुनीता देवी ने समस्त अध्यापकों को उनकी कड़ी मेहनत की बधाई दी और समस्त ग्राम का जिले में अव्वल रहे बच्चों के माता पिता को शुभ कामनाएं दी।

### किडजी स्कूल में हवन के साथ सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी विद्यालय सेक्टर- 3 में सोमवार को सनातन संस्कृति के अनुरूप वैदिक विधि विधान से हवन करवाकर नए सत्र का प्रारंभ किया गया। शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने भी आहुतियां दी। हवन का आरंभ विघ्नहर्ता श्रीगणेश के पूजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया। जिसमें कामना की गई कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि तथा विभिन्न कलाओं में निपुणता दें। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

### प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सभी को लेना जरूरीः सुनील

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी द्वारा आमजन के लिए प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेंनिंग तथा होम नसिंर्ग की ट्रेनिंग करवाई जाती है। इस प्रशिक्षण को 18 वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है। भारत ही नही विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है। इसी कड़ी में सोमवार फर्स्ट एड ट्रेनिंग कोर्स के विद्यार्थियों को किरण कश्यप लेक्चरर फर्स्ट एड द्वारा रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### तीन दिवसीय ललित कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र के ललित कला विभाग में सोमवार को तीन दिवसीय प्रदर्शनी प्रतिबिंबह्व का शुभारंभ कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस प्रदर्शनी में एम. ए. फाइन आर्ट्स अंतिम वर्ष की छात्राएँ अंजलि, मलिका, निधि व रंजू ने अपना कार्य प्रदर्शित किया।

शैक्षिक सत्र के पहले दिन कम रही उपस्थिति,स्कूल कॉलेजों में चहल कदमी करते दिखाई दिए विद्यार्थी

# बच्चों को तिलक व हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

विद्यालय प्रबंधक ने छात्रों को नव सत्र में नई उमंग, उत्साह व परिश्रम के साथ कार्य करने की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नया सत्र नई आशाओं, आकांक्षाओं और वायदों की शुरूआत करता है। अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापक ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नए सत्र से पहले हवन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्या रीटा गोयल और एपीएस परिवार के समस्त सदस्य शामिल रहे। प्रधानाचार्या ने समस्त अध्यापक गण के साथ हवन कुंड में आहुतियां देकर स्कूल, विद्यार्थियों एवं देश की सुख - समृद्धि और कल्याण की कामना की। विद्यार्थियों में भी नई कक्षाओं में आने पर विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने मन लगाकर पड़ने का संकल्प लिया।हवन समारोह के समापन के बाद प्रधानाचार्या ने सभी को नए शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यज्ञ भारतीय परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है जिससे हमारे मन में अच्छे विचार उत्पन्न होते है।



अग्रसेन पब्लिक स्कूल में नए सत्र के शुभारंभ पर हवन करता स्टाफ।



हवन यज्ञ में सहभागिता करते विजय नड्डा एवं चेतराम।



**कुरुक्षेत्र।** सत्र के पहले दिन स्कूल परिसर में मौजमस्ती करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में हुआ हवन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में नव सत्र आरंभ के अवसर पर हवन किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, संगठन मंत्री विजय नड्डा, ग्रामीण विकास शिक्षा समिति के महा मंत्री चेतराम, विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय छात्रों ने भी हवन में सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधक ने छात्रों को हवन के महत्व के बारे में बताया। विजय नड्डा ने नव सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी को नव सत्र में नई उमंग, उत्साह व परिश्रम के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने सभी आचार्यों एवं छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि छोटे-छोटे प्रयास से ही बड़ी सफलता प्राप्त की जाती है। हमें विद्यालय में अपना कर्तव्य कर्म पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ करना चाहिए।

### शैक्षणिक सत्र की हवन के साथ की शुरूआत

हिंदू शिक्षा समिति एवं विद्या भारती हरियाणा से संबद्ध कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में स्थित गीता निकेतन विद्या मंदिर में नव शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरुक्षेत्र विभाग के कार्यकर्ता हरीश शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्याम लाल कौशल, प्रबंधक राजेश गोयल ने नव सत्र की मंगल कामना के साथ विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने के लिए विद्यालय परिसर में पहुंचे। हरीश शर्मा ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सदैव ज्ञानार्जन की शिक्षा दी। उन्होंने विद्यालय के संस्कारमय वातावरण, विद्यार्थी जीवन में परिश्रम के महत्व और राष्ट्र की भावी पीढ़ी को तैयार करने वाले आचार्य के बारे में बातचीत की।



### नए सत्र पर सुखमणि साहिब का पाठ करवाया

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर सुखमणि साहिब का पाठ करवाया गया। जहाँ सभी बच्चों ने माथा टेका तथा नए सत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद लिया। प्रधानाचार्य डॉ. आर.एस. घुम्मन ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को कैंडी और मिठाई प्रदान की और उन्हें कड़ी मेहनत करने और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों में भी नई कक्षाओं में आने पर विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने मन लगाकर पड़ने का संकल्प लिया। सुखमणि साहिब का पाठ गुरुद्वारा मस्त गढ़ साहिब के पाठी ज्ञानी गुरप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान संतोष कौर घुम्मन, कोऑर्डिनेटरस मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, उपप्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था।



### मां शारदा के सम्मुख किया दीप प्रज्वलित

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमदभगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में नए सत्र का शुभारंभ मां शारदा के संमुख दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ के द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने मन लगाकर पड़ने का संकल्प लिया।उन्होंने सभी छात्रों को सत्र के आरम्भ से ही अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने व समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा अगर हम प्रतिदिन का कार्य प्रतिदिन करते रहेंगे तो हमें अपनी मंजिल पाने से कोई नहीं रोक सकता। हमारा जो लक्ष्य है हम उसको सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं। वंदना सत्र के पश्चात विद्यालय के संस्कृत आचार्य त्रिलोचन शर्मा, कमलेश शुक्ला, रासबिहारी पांडे के द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन यज्ञ संपन्न करवाया गया जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य भैया- बहन व सभी छात्रों ने आहुति डालकर हवन यज्ञ किया।

### राजयोग द्वारा मन की शांति संभव : भगवान

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने बताया कि राजयोग द्वारा अपनी कर्मेनद्रियों पर संयम कर, कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं, इससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र विश्व शांति धाम में एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर टिप्स दे रहे थे। र उन्होंने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वयं को आत्मा निश्चय कर चांद, सूर्य, तारागण से पार रहने वाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं।

# हरियाणा कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बनने पर बीबी रविंदर कौर अजराना को दी बधाई

- गुरु साहिब की आपार कृपा के चलते ही मिला मान-सम्मान : बीबी रविंदर कौर अजराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बनने पर बीबी रविंदर कौर अजराना को हैड ऑफिस के स्टाफ ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, उपसचिव अमरिंदर सिंह, सतपाल सिंह, मैनेजर जज सिंह, हरकीरत सिंह, दिलबाग सिंह सहित अन्य कर्मचारी उनके निवास पर पहुंचे और बीबी अजराना के निर्वाचन पर खुशी का इजहार किया। बीबी रविंदर कौर अजराना ने अपने निर्वाचन पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने मान-सम्मान देते हुए उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे कभी टूटने नहीं देंगी। गुरु घर की सेवा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह सब गुरु साहिब के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है, जिसके लिए वे गुरु साहिब की हमेशा आभारी रहेंगी, क्योंकि उनकी आपार कृपा के चलते ही उनके नाम के साथ यह उपलबधी जुड़ी है। हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज की मेहर सदका ही उनका परिवार कामयाबी के पथ पर अग्रसर है, कयोंकि वे हर सुबह नितनेम उपरांत गुरु साहिब के चरणों अरदास करने के उपरांत ही दिनचर्या आरंभ करते हैं। चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर ने कहा कि संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध बीबी रविंदर कौर अजराना बड़े ही सच्चे मन से गुरु घर की सेवा में लगी हैं। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब के अकाउटैंट हरमीत सिंह, सहायक सुपरवाईजर वजिंदर सिंह, गुरबीर सिंह, बिजली मिस्त्री कुलदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह धोतड़, कुलदीप सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, गुरमीत सिंह मौजूद रहे।



हरियाणा कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बनने पर बीबी रविंदर कौर अजराना को बधाई देते एचएसजीएमसी हैड ऑफिस का स्टाफ। 1केयूके20

**न्यूज डायरी**



### जिंदल को आशीर्वाद के रूप में 50 रुपये का नेग दिया

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिन्दल ने पिहोवा और थानेसर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताअरं और लोगों से मिलकर उनसे वोट रूपी समर्थन और आशीर्वाद मांगा। पिहोवा में उन्हें कलायत की ही तरह एक बुजुर्ग ने आशीर्वाद के रूप में 50 रुपये का नेग दिया। जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्गों के आशीष से बड़ी कोई दौलत नहीं। स्नेह का आभारी हूं। 50 रुपये का नेग नहीं, भगवान का आशीर्वाद है। इन दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में राज्यमंत्री सुभाष सुधा और पूर्व मंत्री संदीप सिंह समेत पार्टी के कई नेताओं और कार्यकताअरं ने एक स्वर में विश्वास दिलाया कि वे भारी मतों से विजयी बनाकर नवीन जिन्दल को लोकसभा भेजेंगे।



### नंबरदार सदा रहेते सामाजिक कार्यों में आगे : चीमा

**लाडवा।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र की बैठक गौशाला लाडवा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजीव नंबरदार ने की। बैठक में नंबरदारों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और उसमें आहुतियां डालकर देसी नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। विशेष रूप से प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि नंबरदार अपने कार्य के साथ-साथ सामाजिक कारण पर चढ़कर भाग लेते हैं आज नव वर्ष के उपलक्ष में हवन यज्ञ करके सभी लंबरदारों सुख समृद्धि एवं घरों में खुशियां लाए। चीमा ने कहा सारे भारतवर्ष में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर आचार संहिता लागू है। सभी नंबरदार आचार संहिता के कानून को लागू करवाने में चुनाव आयोग का भरपूर सहयोग करें जिससे सारे देश में निष्पक्ष चुनाव हो सके।

### देश व प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी

कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने दावा किया कि देश व प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रदेश में इंडिया गठबंणन दस की दस सीटों पर जीत दर्ज करेगा। बवेजा ने कहा कि आमजन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हताश है। भाजपा सरकार देश व प्रदेश की जनता को कैसे नये से नये तरीको से लूट रही है। कभी परिवार पहचान पत्र के माध्यम तो कभी अन्य पोर्टलों के माध्यम से। कहा कि अब समय परिवर्तन का है। संविधान फिर से सुरक्षित हाथों में होगा और असली राम राज आएगा।



कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा।

# ज्योतिबा फुले जयंती व सीएम अभिनंदन को लेकर बैठक

- सीएम नायब सैनी का अभिनंदन समारोह 7 को थीम पार्क में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल को होती है, उनकी जयंती के उपलक्ष्य में इस बार सात अप्रैल को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल का अभिनंदन समारोह भी होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने और इसकी रूपरेखा बनाने के लिए रविवार को सैनी समाज सभा में सर्व समाज की धर्मशालाओं के प्रधान व पदाधिकारियों की बैठक हुई । अध्यक्षता सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने की। बैठक में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समाज के प्रधान व पदाधिकारियों से मंत्रणा की गई। साथ ही सभी धर्मशालाओं से आए पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और अपने सुझाव भी बैठक में रखे। इस मौके पर रविदास धर्मशाला के प्रधान सूरजभान नरवाल, जाट सभा से पूर्व सचिव दलबीर सिंह ढांडा, कश्यप समाज के प्रधान ओमपाल कश्यप, यादव समाज के प्रधान डॉ. अतुल यादव, सैन सभा के प्रधान काला सैन, धीमान सभा के प्रधान मोहन लाल, सचिव राजकुमार धीमान, बाजीगर सभा के सचिव डीसी मच्छाल, प्रजापति सभा के कोषाध्यक्ष दर्शन लाल, वाल्मीकि समाज से मास्टर लालचंद, जोगी समाज से सूरजभान जोगी, गुर्जर धर्मशाला से बनारसी ढांड रहे।



### छात्रों को मतदान को लेकर किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा कॉलेज प्रांगण में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने अन्य छात्रों को अपना मतदान डालने हेतु प्रेरित किया। इसके लिए स्वयंसेवकों ने कॉलेज में नुक्कड़ नाटक और छात्रों से बातचीत करके अपना संदेश उन तक पहुंचाया । छात्रों को बताया गया कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्त्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान हमारे लोकतंत्र के लिए रूप-रेखा तैयार करता है।

### पीएम मोदी ने देशभर का किया विकासः जगमोहन

**करनाल।** कुरुक्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता विकास के दम पर जनता के बीच जा रहे हैं। जनता भी भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव में जीत दिलाने के लिए कमर कस चुकी हैं। जगमोहन आनंद सरदार पटेल हॉलसेल क्लॉथ मार्किट में कपड़ा व्यापारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के विकास में बाधक बनती रही है। पीएम मोदी के कार्यकाल में देशभर में विकास की गंगा बही है। यही कारण है कि पीएम मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता के रूप में उभरे हैं।



**करनाल।** बैठक को संबोधित करते जगमोहन आनंद। **फोटो :हरिभूमि**

## रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का सेवा सम्मान एवं मिलन समारोह हुआ

# भूख को शांत करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं : श्रीकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का सेवा सम्मान एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस के आईपीएस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विधि संकाय की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान अति विशिष्ट अतिथि रहे जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मोनिका भाटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरीओम दास परिव्राजक का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत और एक हरियाणवी गीत से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश ने किया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की स्थापना 16 मई 2018 को हुई थी जो आज 5 वर्ष 10 माह और 15 दिनों की अवधि पूर्ण कर चुकी है। रोटी बैंक के लेखाकार सोहन लाल द्वारा रोटी बैंक का चिटठा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, महासचिव कर्म चंद, सचिव पंकज ठकराल, कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी, सह कोषाध्यक्ष डॉ. अरुण धीमान, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एमएम सिंह, सूरज कमल सेठ, विश्व बेदी, रुमन गुप्ता, डॉ. एस.एस. रतन, सेवानिवृत तहसीलदार देसराज मंगला, कंवल सचदेवा, तरुण वधवा, गगन, सीता, रमेश, करण, निकुंज, कमलेश, सुषमा वर्मा, अनिल वर्मा, कुलदीप सिंह, विक्की, जसबीर धुराला, नरेश शर्मा, परमजीत चहल, डॉ. रीतू बेनीवाल, राजबीर सिंह, प्रदीप गर्ग सिरसमा, डॉ. आशीष अनेजा, डॉ. राकेश कुमार, बालकिशन, करण, डॉ. ओम प्रकाश, सुनीता भारद्वाज, गुलशन राजपाल, दुष्यंत शर्मा आदि रहे।




**कुरुक्षेत्र।** मंच पर मौजूद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव व रोटी बैंक के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

